## एक नजर

### श्री छोटा घड़ा नसिया में नि:शुल्क परामर्श शिविर

**अजमेर. कासं।** श्री दिगम्बर जैन बीस पंथ नागौरी आमनाथ पंचायत छोटा घड़ा नसिया और इण्डियन एसोसियेशन ऑफ फिजियोथेरेपी अजमेर शाखा द्वारा शनिवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में श्री छोटा घड़ा पंचायत नसियां में एक निःशुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श शिविर का आयोजन प्रातः 10 से 12 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें डॉ.प्रियांक भार्गव, डॉ.प्रिया सुराना, डॉ.दिप्ती भार्गव, डॉ.प्रियंका विलसन, डॉ.एसएन भट्ट द्वारा कमर, घुटना, पीठ, जोड़ो का दर्द और ऑपरेशन के पश्चात होने वाली तकलीफों का ईलाज परामर्श निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### जयपुर में माधुरी ने किया डांस

**जयपुर. कासं।** आईफा अवार्ड ही हिस्सा लेने पहुंची बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने दर्शकों की डिमांड पर अपने फेमस सॉन्ग 1 2 3 पर डांस करके दिखाया। वह शुक्रवार को मानसरोवर के हयात होटल में हुए टॉक शो 'द जर्नी ऑफ वीमेन इन सिनेमा' को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपने बॉलीवुड जर्नी पर खुलकर बातचीत की। बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के एक्सपीरियंस भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि- मैंने शादी के बाद अच्छे से अपनी जिंदगी को जिया है। मेरे पार्टनर बहुत अच्छे है। फैमिली, हाउस हसबैंड इन सबके साथ रहना किसी सपने को तरह है। मुझे अपने करियर में बहुत अच्छे रोल करने का मौका मिला। मृत्युदंड जैसी आर्ट फिल्म भी मैंने की। जो मेरे जीवन की एक यादगार फिल्म है।

### तेरापंथ महिला मंडल ने प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान किया

**बीकानेर. कासं।** देशनोक में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तेरापंथ भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता नाहटा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रक्षिशु आरएएस निधि उड़सरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य अतिथि निधि ने कहा कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बना रही हैं।

# सदन में अमर्यादित बयान पर हंगामा...

**विधायक गोपाल शर्मा ने खड़े होकर पाकिस्तानी-पाकिस्तानी कमेंट करना शुरू कर दिया। गोपाल शर्मा की इस टिप्पणी पर कांग्रेस विधायकों ने भारी विरोध जताया। इस दौरान सदन में हंगामे के हालात बन गए।**

**जयपुर. कासं**

विधानसभा में शुक्रवार को यूडीएच की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा के कमेंट पर भारी हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक रफीक खान अनुदान मांगों पर बोलते हुए शहरी विकास के कामों पर कांग्रेस और बीजेपी राज की तुलना कर रहे थे। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने खड़े होकर पाकिस्तानी-पाकिस्तानी कमेंट करना शुरू कर दिया। गोपाल शर्मा की इस टिप्पणी पर कांग्रेस विधायकों ने भारी विरोध जताया। इस दौरान सदन में हंगामे के हालात बन गए। इससे पहले बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने गोल्फ क्लब को लेकर यूडीएच मंत्री को घेरा। उन्होंने कहा- पिछले सत्र में आपने कहा था कि गोल्फ क्लब को लेकर तीन घोषणाएं की थीं। दिल्ली की तर्ज पर गोल्फ क्लब चलाने की, क्लब की एसओजी से जांच कराने की और सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग याचिका को महाधिवक्ता की राय लेकर निस्तारण करवाने की। तीनों ही नहीं हुई। सराफ ने कहा- तब पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने कहा था कि यह नहीं हो सकता। तब मैंने कहा था कि मंत्री जी जो कहते हैं, वो करते हैं। आपने तो बात खराब करवा दी। इस पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से मामला निस्तारण होते ही सारे काम करवा दिए जाएंगे। यूडीएच की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक इंद्रा मीणा के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा का जिक्र करने पर काफी देर तक तकरार होती रही। संसदीय कार्य मंत्री ने पलटवार किया।

### धारीवाल-खर्रा के बीच जमकर वार-पलटवार चले

इससे पहले यूडीएच और स्वायत्त शासन की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के बीच जमकर वार-पलटवार चले। धारीवाल ने कहा- कांग्रेस राज में 13 लाख पट्टे बांटे गए हैं, आप लोग हर बार जांच करवाएंगे, जांच करवाएंगे की रट लगाए हुए रहते हैं। उन्होंने कहा- अगर 13 लाख पट्टों में कोई गड़बड़ी है तो जांच क्यों नहीं करवाते? इस पर मंत्री खर्रा ने कहा- एक-एक नगर पालिका से रिपोर्ट मंगवा रहे हैं। धारीवाल ने पलटवार करते हुए कहा- यह टेक्निकल डिपार्टमेंट है और कई बार अनजान हाथों में काम चला जाता है तो उसका सत्यानाश होना तय होता है। यहां पर भी लग रहा है, यही हो रहा है।

**नेता प्रतिपक्ष के आपत्ति करने पर उलझे बीजेपी विधायक:** बारां में फर्जी पट्टे जारी करने से जुड़े सवाल पर बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की नेता प्रतिपक्ष से नोक-झोंक हो गई। कंवरलाल मीणा ने सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जाते-जाते रेवड़ियां बांटी। इस दौरान फर्जी पट्टे भी बांटे। फर्जी पट्टों के मुकदमे में पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया का भी नाम है। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका यह नाम नहीं लिया जा सकता। इस पर कंवरलाल मीणा उनसे उलझ गए और कहा कि आप हर बात में खड़े मत हुआ करो, एफआईआर में उनका नाम है। नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने भी कंवरलाल मीणा को टोकते हुए पूर्व मंत्री का नाम नहीं लेने को कहा।



## ग्रामीण महिलाओं के साथ श्री सीमेंट ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**ब्यावर. कंचन केसरी**

श्री सीमेंट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व दिवस पर श्री सीमेंट के आस-पास की अंधेरी देवरी, लूलवा, पाखरियावास, श्यामगढ़ पंचायतों के 6 गांवों की लगभग 150 महिलाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास सिंघल द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार के बारे में समझाया गया, उन्होंने बताया कि किस तरह श्री सीमेंट के आसपास की महिलाएं श्री सीमेंट की सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाकर अपने पैरों पर खड़े होकर अपने व अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है, उन्होंने कहा कि एक महिला पढ़ती है तो उसकी तीन पीढ़ी तैरती है, महिलाओं ने स्वयं के हुनर एवं सफलता की कहानियां बताई। उन्होंने बताया कि किस तरह यह गांव की महिलाएं संकट से उभर कर श्री सीमेंट की योजनाओं का लाभ उठाकर आज स्वरोजगार कर अपने व अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है? कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया, महिलाओं द्वारा स्वयं के संघर्ष की कहानियों को भी नाट्य रूपांतरण कर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमेंट ब्यावर यूनिट के यूनिट हेड विकास सिंघल थे, कार्यक्रम मे पाखरियावास की सरपंच आमना, समाजसेवी हुसैन व श्री सीमेंट की सीएसआर टीम के सदस्य अमित टांक, मनोज बिहानी भी मौजूद थे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या से जिले भर के वकीलों का फूटा आक्रोश

## कार्य बहिष्कार कर उतरे सड़कों पर, अजमेर बंद का किया एलान

### श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने दिया बंद को समर्थन

**अजमेर. कंचन केसरी**

अजमेर जिले के पुष्कर उपखंड में गत दिनों एक वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखेटिया पर हुए जानलेवा हमले और शुक्रवार को अस्पताल में हुई मौत के बाद जिले भर के वकीलों में गुस्सा फूट पड़ा। कोर्ट परिसर में वकीलों ने कार्य बहिष्कार करते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और गुस्साए वकीलों ने कोर्ट परिसर से पुलिस कर्मियों सहित आमजन को बाहर कर दिया, साथ ही कोर्ट परिसर के अंदर बनी दुकानों को भी जबरन बंद करवा दिया। वकीलों के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर संभागीय आयुक्त और डी आई जी ओम प्रकाश भी पहुंचे। वकीलों और प्रशासन की वार्ता विफल होने पर अजमेर बंद का ऐलान किया। तो वहीं अजमेर बंद को श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने समर्थन दिया। घटना के बाद अजमेर जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में वकीलों ने विरोध रैली निकाली और जवाहरलाल नेहरू अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। वकीलों की आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने अस्पताल परिसर को छावनी तब्दील कर दिया मौके पर दस थानों पुलिस सहित पुलिस लाइन का अतिरिक्त जाप्ता तैनात रहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सहित विभिन्न थानों के थाना प्रभारी सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए।

**सरकारी व एक करोड़ का मुआवजे की मांग:** जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी के बाहर अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह ने वकीलों के प्रतिनिधियों से वार्ता के प्रयास किए, लेकिन वकील उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने पर अड़ गए, उन्होंने बातचीत से इंकार कर दिया। वकीलों ने संभागीय आयुक्त महेश शर्मा और डीआईजी ओम प्रकाश, एसपी वंदिता राणा को मौके पर बुलाने की मांग की। आक्रोश को देखते हुए प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और वकीलों से वार्ता की। वकीलों का एक प्रतिनिधि मंडल अस्पताल अधीक्षक कक्ष में उनसे मिला और मांग पत्र सौंपा। वकीलों ने मृतक के एक परिजन को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की।

**मोर्चरी के बाहर हुई साधारण सभा:** पुष्कर में अधिवक्ता पर हुए हमले को लेकर शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की साधारण सभा आमंत्रित की गई थी, लेकिन अधिवक्ता की मौत के बाद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा और कार्य बहिष्कार कर जेएलएन मोर्चरी के बाहर टेंट लगाकर वकीलों ने साधारण सभा की। साधारण सभा में वकीलों ने सर्वसम्मति से घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही और अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की।

**वकीलों की ये हैं प्रमुख मांगें:** संभागीय आयुक्त महेश शर्मा और डीआईजी ओम प्रकाश के समक्ष वकीलों के प्रतिनिधि मंडल ने मांग पत्र रखा, जिसमें प्रमुख रूप से परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में मुआवजा, वकीलों की सुरक्षा के लिए वकील प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए, मृतक वकील के घर के पास स्थित शराब के ठेके को बंद किया जाए, पुष्कर में अवैध रूप से चल रहे डीजे और रेस्टोरेंट्स पर कार्रवाई की जाए।



### अजमेर बंद का ऐलान

अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रशासन और सरकार से वार्ता के बाद सकारात्मक नतीजा नहीं निकलने पर अजमेर सहित पुष्कर, ब्यावर किशनगढ़, नसीराबाद बंद का ऐलान कर दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रावत ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाते तब तक मृतक अधिवक्ता का शव को नहीं उठाया जाएगा और जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी के बाहर वकीलों का धरना जारी रहेगा। रावत ने कहा कि अजमेर बंद के दौरान अति आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया है, जिसमें प्रमुख रूप से बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए केंद्र वाले स्कूलों, स्कूल वैन, मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप को बंद से मुक्त रखा गया है।

### कोर्ट का कामकाज ठप

वकीलों ने शुक्रवार को कोर्ट के सभी कार्यों का बहिष्कार किया। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती,तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। रेवेन्यू बोर्ड के वकील, किशनगढ़, पुष्कर के वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

### सरकार वकीलों की मांग को शीध्र पूरा करे

आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने घटना दुःखद बताया। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर जिले भर के वकीलों में भारी आक्रोश है, राज्य सरकार को चाहिए कि वकीलों की मांग को शीघ्र पूरा करे। कांग्रेस शासन में वकील सुरक्षा कानून लाया गया था, कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने इसको लेकर विधानसभा में सवाल भी किए, जिसमें बताया गया कि बिल राष्ट्रपति के समक्ष लंबित है। कांग्रेस सरकार से मांग करती है कि उक्त बिल को जल्द लागू किया जाए।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**अजमेर. कासं**

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने नॉर्थन मिशिगन विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के सहयोग से संस्कृति, समुदाय और सामाजिक परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज कार्य के क्षेत्र में अकादमिक आदान-प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विद्यार्थियों के मध्य संवाद को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने आयोजनों को शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाला बताया। पहले दिन की शुरूआत अतिथियों के लिए योग और ध्यान सत्र से हुई, जिसके बाद अकादमिक चर्चा का दौर चला। अतिथियों का पारंपरिक राजस्थानी पगड़ी एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पौधारोपण कर शुभारंभ किया गया। समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ.डीपी नेगी ने स्वागत भाषण दिया, प्रो. सारा कार्लसन ने भारत की समृद्ध संस्कृति और आतिथ्य की सराहना की।

# नशा मुक्ति साइकिल रैली का अजमेर पहुंचने पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**अजमेर. कंचन केसरी**

प्रदेश एनएसयूआई द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा छोड़ो, जीवन जोड़ों साइकिल यात्रा का शुक्रवार को अजमेर पहुंचने पर कांग्रेसियों द्वारा शहर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व मे निकाल जा रही यात्रा नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा का शुक्रवार को अजमेर पहुंचने पर केसरगंज स्थिर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कार्यालय पर स्वागत व सभा का आयोजन हुआ। इसमें शहर अध्यक्ष विजय जैन, परबतसर से रामनिवास गावडिया, उत्तर विधानसभा के प्रत्याक्षी महेन्द्र सिंह रलावता, नसीराबाद के शिवप्रसाद गुजर, प्रदेश सचिव डॉ. सुनील लारा ने सभा को संबोधित किया। राजस्थान एनएसयूआई द्वारा नशा छोड़ो जीवन जोड़ो जागरूकता अभियान के तहत निकल जा रही साइकिल रैली का राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड के सामने भव्य स्वागत किया। पीसीसी सदस्य रलावता ने रैली का नेतृत्व कर रहे राजस्थान एनएसयूआई के अध्यक्ष विनोद जाखड़ का माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया। साइकिल रैली का पुष्प वर्षा कर जलपान दिया। इस अवसर पर छात्र नेता शिव प्रकाश गुर्जर, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव कुमार बंसल, महेश चौहान ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन, चिकित्सा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय पुरोहित, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, शक्ति सिंह रलावता, अंकुर त्यागी, राजेंद्र वर्मा, पप्पू कुरैशी, प्रमोद भाटी सुमेर सिंह, शाहबाज खान, अकरम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवराज ने बेटे-बहू को फेरों के बाद आठवां वचन दिलाया

**जोधपुर. कांस।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह की शादी के बाद सभी मेहमान शुक्रवार को वापस लौट गए। कार्तिकेय की शादी लिबर्टी शू कंपनी के डायरेक्टर अनुपम बंसल की बेटी अमानत से उम्मेद भवन पैलेस मे हुई है। सात फेरों के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने बेटे-बहू को आठवें वचन के रूप में प्रकृति की सेवा का वचन दिलाया। शादी में कई वीवीआईपी मेहमानों ने शिरकत की और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। शिवराज के दोनों बेटों का रिसेप्शन 18 मार्च को दिल्ली के एयरफोर्स ग्राउंड पर होगा। गौरतलब है कि उनके छोटे बेटे कुणाल की शादी भी 14 फरवरी को भोपाल में हुई थी।

# रसद विभाग ने 14 सिलेंडर किए जब्त



**अजमेर. कंचन केसरी**

रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग की सूचना पर अजमेर शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। शुक्रवार को जांच दल द्वारा 14 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी रतन कौर ने बताया कि गोपाल मिष्ठान भण्डार भजनगंज, शिव स्वीट्स कार्नर भजनगंज तथा अन्नपूर्णा वेज रेस्टोरेन्ट श्रीनगर रोड से 3-3 घरेलू एलपीजी सिलेंडर एवं श्री कृष्णा नमकीन भण्डार धोलाभाटा से 5 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए। इन फर्मो का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर 2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।


**बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

**कार्पोरेट कार्यालय:** सेरेब्रम आईटी पार्क बी-2 बिल्डिंग, 5वां तल, कल्याणी नगर, पुणे, महाराष्ट्र - 411014
**शाखा कार्यालय:** यूनिट नंबर 807 व 808, नौवीं मंजिल, केएम ट्रेड टॉवर, एच-3 सेक्टर, 14 कौशम्बी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201010
तीसरी मंजिल, लेंडमार्क टॉवर, जय क्लब के सामने, सी-स्कीम, जयपुर, राजस्थान-302001

**कब्जा सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4), प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1), (परिशिष्ट-IV) के तहत**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **मैसर्स बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (बीएचएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार **मांग सूचना(एं)** जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से **60 दिन** के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार/सह कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्वारा कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने **मैसर्स बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर बीएचएफएल की इसमें वर्णित राशि(यों) तथा उस पर भावी ब्याज के प्रथम प्रभार के अधीन होगा।

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम (एलएएन नंबर, शाखा का नाम) | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| शाखा: गाजियाबाद (LAN No. 581HSL95988798 & 581TSH96949915) 1. संतोश कुमार (कर्जदार) पता: 949/29 एफएफ कृष्णा कॉलोनी फौजी गली भगत सिंह पार्क न्यू कॉलोनी गुड़गांव, हरियाणा-122001 | निम्न वर्णितानुसार गैर-कृषि भूमि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: फ्लेट नंबर विंग सी/ 102, एफ/एफ शिवराज रेजीडेंसी, फेज 2 ओमेक्स सिटी अजमेर रोड जयपुर, राजस्थान-302019 सीमाबद्ध: उत्तर: 18 मीटर सड़क, दक्षिण: 30 मीटर रोड, पूरब: 18 मीटर रोड, पश्चिम: स्कूल। | 04-दिसम्बर-2024 रुपए 35,52,544/- (रुपए पैंतीस लाख बावन हजार पांच सौ चवालीस मात्र) | 04-03-2025 |
| दूसरा पता: फ्लेट नंबर विंग सी/102, एफ/एफ शिवराज रेजीडेंसी फेज 2 ओमेक्स सिटी अजमेर रोड जयपुर, राजस्थान-302019 | | | |
| शाखा: जयपुर (LAN No. H419HHL0990788 & H419HLT1001974) 1. अफीफा अंसारी (कर्जदार) 2. शबीस्ता परवीन (सह-कर्जदार) | निम्न वर्णितानुसार गैर-कृषि भूमि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: फ्लेट नंबर 1108 ए, ग्यारवीं मंजिल, आनंद प्राईम, सेक्टर-8, हल्दीघाटी मार्ग, सांगानेर, जयपुर-303033 | 18-दिसम्बर-2024 रुपए 26,69,537/- (रुपए छब्बीस लाख उनहत्तर हजार पांच सौ सैंतीस मात्र) | 04-03-2025 |
| पता: 1108 ए प्लॉट नंबर ए, एसडीसी आनंद प्राईम, सेक्टर 8 हल्दीघाटी मार्ग सांगानेर जयपुर, राजस्थान-302033 | | | |

**तिथि: 08-03-2025** **स्थान: जयपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**



**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक**
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालय: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 06-03-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रुपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रुपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 50769430000014 | 1) श्री लाल चंद जाट पुत्र छीतर मल जाट (आवेदक), 2) श्रीमती झूमा देवी पत्नी श्री लाल चंद जाट (सह-आवेदक) | 11-07-2024 | 03-03-2025 | रुपए 12,87,873/- (रुपए बारह लाख सत्यासी हजार आठ सौ तेहत्तर मात्र) | 07.04.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 05:00 बजे तक | रुपए 32,40,000/- (रुपए बत्तीस लाख चालीस हजार मात्र ) | रुपए 3,24,000/- (रुपए तीन लाख चौबीस हजार मात्र ) | 21.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 19-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति प्लॉट नंबर 8, देवेन्द्र विहार स्कीम, महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के अंतर्गत, ईशरवाला, बिलौंची, तहसील आमेर, जिला जयपुर, राजस्थान। परिमाप 213.35 वर्ग गज। श्री लाल चंद जाट पुत्र छीतर मल जाट द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: सड़क, पश्चिम: सड़क, उत्तर: प्लॉट नंबर 7, दक्षिण: सड़क। | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर:** 9515160064 ई-मेल आईडी: **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**
ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला** (मो. 8090655550), **श्री रंजन नाइक** (मो. 6362951653), प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**तिथि: 08-03-2025** **स्थान: राजस्थान** **हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**